भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग
भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
अंतरिक्ष उपयोग केंद्र
अहमदाबाद -380 015

GOVERNMENT OF INDIA
DEPARTMENT OF SPACE
INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION
SPACE APPLICATIONS CENTRE
AHMEDABAD- 380 015

**विज्ञापन सं. ADVERTISEMENT NO. सैक:SAC:01:2022 दिनांकित Dated : 19.12.2022**

ऑनलाइन आवेदन पंजीयन हेतु वेबसाइट दिनांक **19/12/2022** के **0900** बजे से **08/01/2023** के **1700** बजे तक खुली रहेगी।

Website will remain open from **0900 hours** of **19/12/2022** to **1700 hours** of **08/01/2023** for online registration of application.

अंतरिक्ष उपयोग केंद्र (सैक), अहमदाबाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो), अंतरिक्ष विभाग (अं.वि.) के अग्रणी केंद्रों में से एक है। सैक इसरो के स्थलीय एवं ग्रहीय मिशनों के लिए अंतरिक्षवाहित यंत्रों को डिजाइन करता है और सामाजिक लाभ के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का प्रचालन करता है। इन अनुप्रयोगों में संचार, प्रसारण, नौवहन, आपदा निगरानी, मौसमविज्ञान, समुद्रविज्ञान, पर्यावरण निगरानी तथा प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन शामिल हैं। सैक संचार उपग्रहों की इन्सैट और जीसैट श्रृंखला के लिए प्रेषानुकर तथा भू-प्रेक्षण उपग्रहों की आईआरएस श्रृंखला हेतु प्रकाशिकी एवं सूक्ष्मतरंग संवेदकों को डिजाइन तथा विकसित करता है। साथ ही सैक भू-ट्रांसमिट व अभिग्रहण प्रणालियों तथा डेटा/ प्रतिबिंब प्रसंस्करण प्रणालियों का विकास भी करता है। सैक के पास इलेक्ट्रॉनिक एवं मेकेनिकल संविरचन, पर्यावरणीय परीक्षणों तथा प्रतिबिंब प्रसंस्करण व विश्लेषण हेतु उच्च आधुनिक नीतभार डिजाइन एवं समाकलन प्रयोगशालाएं हैं।

Space Applications Centre (SAC), Ahmedabad is one of the lead Centres of Indian Space Research Organisation (ISRO), Department of Space (DOS). SAC focuses on design of space borne instruments for terrestrial and planetary missions of ISRO and development and operationalisation of space technology for societal benefits. The applications cover communication, broadcasting, navigation, disaster monitoring, meteorology, oceanography, environment monitoring and management of natural resources. All the transponders for the INSAT and GSAT series of communication satellites and the optical and microwave sensors for IRS series of earth observation satellites are designed and developed at SAC. Further, SAC develops ground transmit and receive systems and data / image processing systems. SAC has highly sophisticated payload design & integration laboratories, facilities for electronic & mechanical fabrication, environmental tests and image processing & analysis.

प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन हेतु, सैक ने कृषि, वानिकी, समुद्रतट अंचल प्रबंधन, शहरी नियोजन, हिम एवं हिमनद अध्ययन, समुद्रविज्ञान एवं वायुमंडलीय अध्ययनों के क्षेत्र में अग्रगण्य योगदान दिया है। सैक ने बहु-अभिकरण फसलसॉफ्ट परियोजना के अंतर्गत प्रमुख फसलों के उत्पादन के पैदावार पूर्वानुमान, ओसीएम एवं अन्य उपग्रह डेटा का उपयोग करते हुए संभावनायुक्त मत्स्यन क्षेत्र के पूर्वानुमान तथा प्रकाशिकी एवं सूक्ष्मतरंग सुदूर संवेदन डेटा का उपयोग करते हुए हिमालयन एवं ध्रुवीय क्रायोस्फिरिक के अध्ययन और समुद्रतटीय क्षेत्रों की निगरानी हेतु संकल्पना एवं तकनीकी विकसित की है। दिशा एवं भूमि-

आपतन के मानदंडों में चक्रवातों के अनुवर्तन हेतु पद्धतिविज्ञान विकसित किया है और इनका उपयोग हाल ही में चक्रवातों के लिए किया गया है। समुद्र सतह तापमान, पवन गति, तरंग तुंगता आदि जैसे समुद्री प्राचलों के साथ जलवाष्प, मेघ तरल जल मात्रा आदि जैसे वायुमंडलीय प्राचलों को निकालने के लिए कलनविधि भी विकसित की गई है।

For natural resource management, SAC has made pioneering contributions in the fields of agriculture, forestry, coastal zone management, urban planning, snow & glacier studies, oceanography & atmospheric studies. SAC has developed concept and techniques for pre-harvest estimation of production of major crops, forecasting of potential fishing zones using OCM and other satellite data, studies of Himalayan and Polar cryosphere and monitoring of coastal zones using optical as well as microwave remote sensing data. Methodology for tracking cyclones in terms of intensity, direction and land falls has been developed and used for recent cyclones. Algorithms have also been developed to derive ocean parameters like sea surface temperature, wind speed and wave heights as well as atmospheric parameters such as water vapour and cloud liquid water content.

वर्तमान गतिविधियों एवं भविष्य की योजनाओं में शामिल मुख्य क्षेत्र हैं:

The thrust areas of current activities and future plans include:

- भारतीय मिशनों (ओशनसैट 3/3ए, जीआईसैट-1, इन्सैट-3डी, इन्सैट-3डीआर, रिसोर्ससैट-2/2ए, स्कैटसैट-1, कार्टोसैट-2, आरआईसैट श्रृंखला, एवं चंद्रयान- 2 इत्यादि) के लिए डेटा की उपयोगिता
  Utilization of data from Indian Missions (Oceansat 3/3A, GISAT-1, INSAT-3D, INSAT-3DR, Resourcesat-2/2A, SCATSAT-1, CARTOSAT-2, RISAT series, and Chandrayaan-2 etc.)
- उपग्रह आधारित समुद्री प्रक्रिया की समझ, विकास, अनुसंधान एवं ब्लू इकॉनमी के लिए अनुप्रयोग (समुद्र)
  Satellite based Marine process understanding, development, Research and Applications for Blue Economy (SAMUDRA)
- भूभौतिकीय एवं जैव भूभौतिकीय प्राचलों की पुनर्प्राप्ति पर उन्नत अनुसंधान एवं विकास
  Advance R & D on retrieval of Geophysical and Bio-geophysical parameters
- पृथ्वी प्रणाली विज्ञान के लिए सिमुलेशन एवं मॉडलिंग
  Simulation and Modelling for Earth System Science
- हिमालयन एवं ध्रुवीय क्रायोस्फेरिक विज्ञान एवं अनुप्रयोग
  Himalayan and Polar Cryospheric Science and applications
- आपदा पूर्वानुमान के लिए पूर्व चेतावनी
  Early Warning for Disaster Forecasting
- भू-विज्ञान अनुप्रयोग
  Geo-Science Applications
- ऊर्जा अध्ययन के लिए ईओ डेटा का अनुप्रयोग
  Application of EO data for Energy Studies
- भूमि जल-विज्ञान मॉडलिंग एवं अनुप्रयोग
  Land Hydrological modelling and applications
- जलवायु परिवर्तन अध्ययन
  Climate Change Studies
- भूमि, समुद्र एवं वायुमंडलीय संवेदकों एवं भूभौतिकी उत्पादों का अंशांकन एवं सत्यापन
  Calibration and Validation of Land, ocean and atmosphere sensors & geophysical products

- भूमि प्रेक्षण एवं सैटकॉम अनुप्रयोगों में तालमेल
  Synergy of Earth Observation and SATCOM Applications
- चंद्रमा एवं मंगल के लिए ग्रहीय विज्ञान अध्ययन
  Planetary Science Studies for Moon and Mars

सैक, इसरो प्राकृतिक संसाधनों, पर्यावरण, समुद्र, वातावरण, ग्रहीय विज्ञान से संबंधित अध्ययन और सूक्ष्मइलेक्ट्रोनिक्स/वीएलएसआई से संबंधित बहु-विषयक क्षेत्रों तथा परियोजना गतिविधियों में **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ), अनुसंधान सहयोगी (आरए) एवं परियोजना सहयोगी– 1 (पीए-1)** के रूप में काम करने के लिए वैज्ञानिक योग्यता रखने वाले उज्जवल उम्मीदवारों को नियुक्त करना चाहता है।
SAC, ISRO is looking forward to engage bright candidates with scientific aptitude to work as **Junior Research Fellows (JRF), Research Associates (RA) and Project Associate – 1 (PA-1)** in multi-disciplinary fields and project activities related to Natural Resources, Environment, Ocean, Atmosphere, Studies related to Planetary Sciences and Microelectronics/VLSI.

सैक, **कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ), अनुसंधान सहयोगी (आरए) एवं परियोजना सहयोगी-1 (पीए-1)** के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है**:**
SAC invites on-line applications for positions of **Junior Research Fellows (JRF), Research Associates (RA) and Project Associate-1 (PA-1):**

## 1. कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता (जेआरएफ) Junior Research Fellows (JRF):

ए) न्यूनतम 60% अंक (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पाइन्ट स्केल पर 6.5 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ प्रथम श्रेणी में एम.टेक अथवा न्यूनतम 65% अंक (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पाइन्ट स्केल पर 6.84 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ प्रथम श्रेणी में एम.एससी.।
a) M.Tech with First class with a minimum of 60% marks (aggregate of all semesters) or CGPA grading of 6.5 on a 10 Point scale or M.Sc. with First class with a minimum of 65% marks (aggregate of all semesters) or CGPA grading of 6.84 on a 10 Point scale.

और **And**

आवेदक को निम्नलिखित में से किसी एक की अर्हता भी होनी चाहिए
Applicants should also have qualified one of the following:

1. नेट-लेक्चररशिप सहित सीएसआईआर-यूजीसी राष्ट्रीय पात्रता परीक्षण
CSIR-UGC National Eligibility Test, including NET-Lectureship.

2. एमएचआरडी द्वारा आयोजित अभियांत्रिकी में स्नातक अभिक्षमता परीक्षा (गेट)
Graduate Aptitude Test in Engineering (GATE) conducted by MHRD.

3. केंद्र सरकार के विभागों और उनकी एजेंसियों तथा संस्थानों जैसे डीएसटी, डीबीटी, डीएई, डीओएस, डीआरडीओ, एमएचआरडी, आईसीएआर, आईसीएमआर, आईआईटी, आईआईएससी, आईआईएसईआर आदि द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर परीक्षा।
National level examinations conducted by Central Government Departments and their Agencies and institutions such as DST, DBT, DAE, DOS, DRDO, MHRD, ICAR, ICMR, IIT, IISc, IISER etc.

संपूर्ण शिक्षणकाल के दौरान विज्ञान विषय में अथवा इंजीनियरिंग शिक्षा के दौरान अभ्यर्थी का शैक्षिक रिकॉर्ड अच्छा होना चाहिए।
Candidates should have good academic record and education throughout in Science or Engineering Stream.

| पद कोड **Post Code** | पद की सं. **No. of Posts** | विशिष्ट विषय के साथ अनिवार्य अर्हता **Essential Qualifications with Subject Specialisation** | कार्य तत्व **Work Element** |
|---|---|---|---|
| 01 | 9 | **भूभौतिकी या अनुप्रयुक्त भूभौतिकी अथवा भूविज्ञान या अनुप्रयुक्त भूविज्ञान में एम.एससी या एम.टेक** M.Sc. or M.Tech in Geophysics or Applied Geophysics or Geology or Applied Geology.. | कनि.अनु.अ. को प्राकृतिक संसाधनों के मानीटरन, मॉडलिंग तथा प्रबंधन के लिए सुदूर संवेदन के भूमि, समुद्र, वायुमंडलीय अनुप्रयोगों पर कार्य करना होगा।इसके अलावा, ग्रहीय विज्ञान और वेब आधारित सेवाओं के क्षेत्र में भी अनुसंधान के अवसर दिए जा सकते हैं। JRFs have to work on land, ocean, atmosphere applications of remote sensing for monitoring, modelling and management of natural resources. In addition, research opportunities can be given in planetary sciences and web based services. |
| 02 | 9 | **भौतिकी या गणित में एम.एससी** M.Sc. in Physics or Mathematics | |
| 03 | 3 | **समुद्री जीवविज्ञान अथवा समुद्री भूभौतिकी में एम.एससी** M.Sc. in Marine Biology or Marine Geophysics | |
| 04 | 6 | **भूसूचना अथवा सुदूर संवेदन में एम.एससी**. **अथवा एम.टेक**. M.Sc. or M.Tech. in Geoinformatics or Remote Sensing. **और** And **अभ्यर्थी को कंप्यूटर साइंस/ कंप्यूटर इंजीनियरिंग/ सूचना प्रौद्योगिकी/ कंप्यूटर अनुप्रयोग में स्नातक डिग्री प्राप्त होनी चाहिए।** The candidate should have Bachelor's degree/Graduation in Computer Science / Computer Engineering / Information Technology / Computer Application. | |

**2. अनुसंधान सहयोगी (आर ए) / Research Associates (RA):**

संबंधित विषय में पी.एच.डी.
Ph.D. in relevant subject

के साथ with

न्यूनतम 65% अंक (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पाइन्ट स्केल पर 6.84 सीजीपीए ग्रेडिंग के साथ प्रथम श्रेणी में मास्टर ऑफ साइंस
Master of Science with First class with a minimum of 65% marks (aggregate of all semesters) or CGPA grading of 6.84 on a 10 Point scale.

| पद कोड<br>Post Code | पदों की सं.<br>No. of Posts | विषय विशेषज्ञता के साथ अनिवार्य अर्हता<br>Essential Qualifications with Subject Specialisation | वांछनीय अर्हता एवं कार्य तत्व<br>Desirable Qualifications and Work Element |
|---|---|---|---|
| 05 | 2 | समुद्रविज्ञान/भौतिक समुद्रविज्ञान में या संबंधित विषय में भौतिक समुद्रविज्ञान से संबंधित अनुसंधान पर केंद्रित पी.एच.डी. Ph.D. in Oceanography/Physical Oceanography or related discipline focussing on research related to Physical Oceanography<br>के साथ with<br>समुद्रविज्ञान/मौसम विज्ञान/भौतिकी/गणित/ अनुप्रयुक्त गणित या संबंधित विषयों में मास्टर ऑफ साइंस Master of Science in Oceanography /Meteorology / Physics / Mathematics / Applied Mathematics or related subjects. | सांख्यिकीय मौसम पूर्वानुमान/ समुद्री मॉडल/ उपग्रह पुनर्प्राप्ति तकनीक में अनुसंधान अनुभव<br>Research experience in Numerical Weather forecasting / Ocean Models/ Satellite Retrieval Techniques. |
| 06 | 2 | वायुमण्डलीय विज्ञान/मौसम विज्ञान में या संबंधित विषय में वायुमण्डलीय विज्ञान से संबंधित अनुसंधान पर केंद्रित पी.एच.डी. Ph.D. in Atmospheric Science or Meteorology or related discipline focussing on research related to Atmospheric Science<br>के साथ with<br>मौसम विज्ञान/भौतिकी/गणित/ अनुप्रयुक्त गणित या संबंधित विषयों में मास्टर ऑफ साइंस Master of Science in Meteorology / Physics / Mathematics / Applied Mathematics or related subjects. | मॉडलिंग, पुनर्प्राप्ति और उपग्रह डेटा विश्लेषण में अनुसंधान अनुभव<br>Research experience in modelling, retrieval and satellite data analysis. |
| 07 | 1 | समुद्री विज्ञान में या संबंधित विषय में समुद्री विज्ञान से संबंधित अनुसंधान पर केंद्रित पी.एच.डी. Ph.D. in Marine Science or related discipline focussing on research related to Marine Science<br>के साथ with<br>समुद्री विज्ञान या संबंधित विषयों में मास्टर ऑफ साइंस Master of Science in Marine Science or related subjects. | मॉडलिंग, फील्ड विजिट अनुभव, नमूना विश्लेषण, उपग्रह डेटा विश्लेषण में अनुसंधान अनुभव<br>Research experience in modelling, field visit experience, sample analysis, satellite data analysis. |

### 3. परियोजना सहयोगी - 1 / Project Associate - 1:

| पद कोड **Post Code** | पद की सं. **No. of Posts** | विशिष्ट विषय के साथ अनिवार्य अर्हता **Essential Qualifications with Subject Specialisation** | कार्य की प्रकृति **Nature of work** |
|---|---|---|---|
| 08 | 01 | इलेक्ट्रॉनिक्स/ इलेक्ट्रिकल में बी.ई./ बी.टेक या इलेक्ट्रॉनिक्स में मास्टर ऑफ साइंस, प्रथम श्रेणी में न्यूनतम 65**%** अंक (सभी सेमेस्टर का औसत) या 10 पाइन्ट स्केल पर 6.84 की सीजीपीए ग्रेडिंग<br>B.E./B.Tech in Electronics/Electrical or Master of Science in Electronics with First class with a minimum of 65% marks (aggregate of all semesters) or CGPA grading of 6.84 on a 10 Point scale. | चयनित अभ्यर्थी माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स/ वीएलएसआई संबंधित परियोजना गतिविधियों में कार्य करेगा।<br>The selected candidate will work on Microelectronics/VLSI related project activities. |

**नोट NOTE:**

1) ऊपर दर्शाये गए पदों की संख्या अनंतिम हैं तथा वास्तविक आवश्यकता के आधार पर इनमें परिवर्तन हो सकता है।Number of posts indicated above are provisional and may vary depending on the actual requirement.
2) अंकों को राउंडिंग-ऑफ करने की अनुमति नहीं है।Rounding-off marks is not allowed.
3) सरकार ऐसा कार्यबल तैयार करने का प्रयास कर रही है जो लैंगिक संतुलन दर्शाता हो अतः महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
   Government Strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.

**आयु सीमा AGE LIMIT:**

अधिकतम आयु सीमा दि. 08/01/2023 को कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता के लिए 28 वर्ष और अनुसंधान सहयोगी एवं परियोजना सहयोगी-1 के लिए 35 वर्ष है। अनु.जा. /अनु.ज.जा.के मामले में 5 वर्ष और अ.पि.व. अभ्यर्थियों के मामले में 3 वर्ष की छूट प्राप्त है। दिव्यांग एवं भूतपूर्व सैनिक अभ्यर्थी भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु सीमा में छूट के पात्र होंगे।

Maximum Age limit is **28 years** for **Junior Research Fellows** and **35 years for Research Associates and Project Associates-1,** as on 08/01/2023, relaxable by 5 years in case of SC/ST and 3 years in case of OBC candidates. Persons with Benchmark Disabilities (PwBD) and Ex-Servicemen candidates are eligible for age relaxation as per Government of India orders.

**परिलब्धियाँ और अन्य लाभ EMOLUMENTS & OTHER BENEFITS:**

| | |
|---|---|
| *अध्येतावृत्ति राशि (जेआरएफ)* **Fellowship amount (JRF)** | प्रथम एवं द्वितीय वर्ष में **₹ 31000/**- प्रति माह + म.कि.भ.<br>**For 1st& 2nd year ₹ 31000/- Per month + HRA**<br>अनुवर्ती वर्षों हेतु **₹ 35000**/- प्रति माह + म.कि.भ.<br>**For the subsequent years ₹ 35000/- Per month + HRA** |

| | |
|---|---|
| *अनुसंधान एसोशिएटशीप राशि (आरए)*<br>**Research Associateship amount (RA)** | अनुसंधान सहयोगी- **₹ 47000/-** प्रति माह + म.कि.भ.<br>**Research Associate - 1 ₹ 47000/- Per month + HRA**<br>अनुसंधान सहयोगी- **2 ₹ 49000/-** प्रति माह + म.कि.भ.<br>**Research Associate – 2 ₹ 49000/- Per month + HRA**<br>अनुसंधान सहयोगी- **3 ₹ 54000/-** प्रति माह + म.कि.भ.<br>**Research Associate – 3 ₹ 54000/- Per month + HRA** |
| *परियोजना सहयोगी राशि*<br>**Project Associateship amount (PA-1)** | परियोजना सहयोगी-1 (डीएसटी इन्स्पायर) **–**नेट/गेट अर्ह या केंद्रीय सरकार के विभाग एवं उनकी एजेंसियों और संस्थानों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं के माध्यम से चयनित व्यक्ति के लिए रु.31000/- प्रति माह+ म.कि.भ. या जो उपर्युक्त के अंतर्गत नहीं आते हैं, उनके लिए रु. 25000/-+ म.कि.भ.<br>**Project Associate –1 (DST INSPIRE) - ₹ 31000/- per month + HRA for NET/GATE qualified or selected through National level examinations conducted by Central Govt. Department and their Agencies and Institutions OR ₹ 25000/- + HRA Per month for who do not fall under as above.** |

चयन समिति द्वारा किए गए मूल्यांकन के अनुसार उम्मीदवारों को उनकी योग्यता के आधार पर अनुसंधान एसोसिएटशिप राशि के उपर्युक्त ग्रेडों में से एक प्रदान किया जाएगा।
Candidates would be awarded one of the above grades of Research Associateship amount depending on their merit as assessed by the Selection Committee.

तैनाती के स्थान पर निर्धारित दर से लागू एचआरए का भुगतान भी किया जाएगा और विद्यमान नियमों के अनुसार केवल स्वयं के लिए चिकित्सीय सुविधा भी प्रदान की जाएगी। इस सुविधा के लिए फेलोशिप राशि को मूल वेतन माना जाएगा। विद्यमान अं.वि./भारत सरकार के नियमानुसार छुट्टी एवं अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा, चयनित अभ्यर्थी नियमित कर्मचारियों को प्राप्त अन्य सुविधाओं या छूट के लिए पात्र नहीं होंगे।
HRA at the prescribed rates in force at the place of posting will be paid and Medical benefits for self only will be allowed as per extant rules. The fellowship amount shall be taken as Basic pay for this purpose. Leave and other benefits will be granted as per extant DOS/GOI rules. Apart from this, the candidates selected will not be entitled to any benefits or concessions admissible to regular employees.

**<u>चयन प्रक्रिया SELECTION PROCESS</u>**:
उपरि उल्लिखित योग्यता न्यूनतम आवश्यकता है और उक्त का होना अभ्यर्थियों को चयन के लिए स्वतः पात्र नहीं बना देता है। अभ्यर्थियों का लघुसूचीयन शैक्षिक रिकॉर्ड या लिखित परीक्षा (यदि आवश्यक हो) के आधार पर किया जाएगा। केवल लघुसूचित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाएगा। चयन वैयक्तिक साक्षात्कार के प्रदर्शन पर आधारित होगा। यदि अभ्यर्थी समकक्ष विशेषज्ञता का दावा करता है तो उसे अपने संस्थान/ विश्वविद्यालय से इस आशय का प्रमाण-पत्र प्राप्त करना होगा कि विज्ञापन में मांगी गई विशेषज्ञता उनके द्वारा आवेदित पद के समकक्ष है। अंतिम निर्णय का अधिकार सैक के पास सुरक्षित है। लघुसूचित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के बुलावा-पत्र केवल ईमेल के माध्यम से भेजे जाएंगे। लघुसूचित न किए गए अभ्यर्थियों को कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी।

The qualification prescribed is the minimum requirement and possession of the same does not automatically make the candidates eligible for selection. Shortlisting of candidates will be done based on academic records or written test (if required). The shortlisted candidates will be called for interview. Communication shall be sent only to the shortlisted candidates. The selection will be based on the performance in personal interview only. In case candidate is claiming equivalent specialization, he/she has to obtain certificate from his/her Institute/University stating that the specialization is equivalent to the one asked in the advertisement for the post applied for. SAC reserves the right for the final decision. The call letters for the interview to the short-listed candidates will be sent only by e-mail. No communication shall be made to the candidates who are not short-listed.

**सामान्य शर्तें GENERAL CONDITIONS**:

1. मात्र भारतीय राष्ट्रीयता वाले आवेदन करें Only Indian Nationals need to apply.

2. किसी भी पद के लिए कोई आवेदन शुल्क नहीं है। There is no application fees for any post**.**

3. मात्र उत्तीर्ण हो चुके अभ्यर्थी ही आवेदन करें। छात्र जो अंतिम परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं वे आवेदन न करें।
   Only passed candidates are eligible to apply. Students awaiting for final result need not to apply.

4. चयनित अभ्यर्थियों को सैक में नियुक्त किया जाएगा।
   The selected candidates shall be posted at SAC.

5. कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता प्रारंभ में एक वर्ष के लिए नियुक्त किया जाएगा और उनके काम के मूल्यांकन और परियोजना की आवश्यकता के आधार पर इस अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है। कनिष्ठ अनुसंधान अध्येता की नियुक्ति की अधिकतम अवधि पाँच वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है।
   Junior Research Fellows will be engaged initially for ONE YEAR and is extendable for further periods based on assessment of their work and requirement of project. The maximum period of engagement of Junior Research Fellow shall not exceed FIVE years.

6. अनुसंधान सहयोगी को प्रारंभ में एक वर्ष के लिए कार्यरत किया जाएगा और उनके काम के आकलन और परियोजना की आवश्यकता के आधार पर इस अवधि को आगे बढ़ाया जा सकता है। अनुसंधान सहयोगी की नियुक्ति की अधिकतम अवधि तीन वर्ष से अधिक नहीं हो सकती है।
   Research Associates will be engaged initially for ONE YEAR and is extendable for further period based on assessment of their work and requirement of project. The maximum period of engagement of Research Associate shall not exceed THREE years.

7. परियोजना सहयोगी - 1 को प्रारंभ में एक वर्ष के लिए कार्यरत किया जाएगा और उनके काम के आकलन और परियोजना की आवश्यकता के आधार पर इसे पाँच वर्ष की अवधि तक अथवा परियोजना पूर्ण होने तक बढ़ाया जा सकता है, जो भी पहले हो।
Project Associate - 1 will be engaged initially for ONE YEAR and is extendable for period upto FIVE YEARS or till completion of the project whichever is earlier based on assessment of their work and requirement of project.

8. चयनित जेआरएफ को मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालयों से पीएचडी के लिए पंजीकृत करने और ऐसे संबंधित विषय का चयन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा जिससे उसे तथा सैक को लाभ हो। हालांकि, उन्हें पीएचडी अनुसंधान पूर्ण करने के लिए अतिरिक्त समय कार्य करना होगा जिसके लिए अलग से कोई छुट्टी नहीं दी जाएगी।
The selected JRFs are encouraged to register for Ph.D. from recognized Universities and take up relevant research topic benefitting the individual and SAC. However, they have to work extra time to complete the Ph.D. research for which any leave will not be granted separately.

9. चयनित अभ्यर्थियों को निर्धारित चिकित्सा प्राधिकारी द्वारा योग्य घोषित किए जाने पर तत्काल कार्यभार ग्रहण करना होगा।
Selected candidates will be required to join the post immediately on being found fit by the prescribed Medical Authority.

10. किसी प्रकार की कार्य /रिपोर्ट प्रकाशित किए जाने के पूर्व उपयुक्त प्राधिकारी से स्वीकृति प्राप्त की जानी चाहिए।
Clearance of appropriate authority will have to be taken before publishing any work/report.

11. किसी भी प्रकार का पक्षप्रचार करने वाले अभ्यर्थियों को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
CANVASSING IN ANY FORM WILL DISQUALIFY THE CANDIDATE.

12. यदि निर्णय लिया जाता है, तो किसी भी पद को न भरने का अधिकार केंद्र के पास सुरक्षित है।
The Centre reserves the right not to fill-up any of the posts, if it so decides.

13. आवेदन मात्र ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। **आवेदन पंजीयन हेतु ऑनलाइन भर्ती पोर्टल 19/12/2022 के 0900 बजे से 08/01/2023 के 1700 बजे तक खुला रहेगा** । इच्छुक अभ्यर्थी विस्तृत विज्ञापन व ऑनलाइन फार्म भरने के लिए हमारी वेबसाइट https://www.sac.gov.in OR https://recruitment.sac.gov.in/OSAR देख सकते हैं।
Applications will be received on-line only. **The on-line recruitment portal will be available from 0900 hours on 19/12/2022 to 1700 hours on 08/01/2023 for registration of application**. Interested candidates may visit our web-site https://www.sac.gov.in OR https://recruitment.sac.gov.in/OSAR for detailed advertisement and filling-up of online application form.

14. ऑनलाइन पंजीकरण के पश्चात्, आवेदक को ऑनलाइन पंजीकरण संख्या दी जाएगी, जिसे भविष्य के संदर्भ के लिए संभाल कर रखा जाए। Upon on-line registration, applicants will be provided with an on-line Registration Number, which should be carefully preserved for future reference.

15. पंजीकरण के पश्चात् आवेदन सारांश का प्रिंट ले। वैयक्तिक साक्षात्कार के समय पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ एवं ऑनलाईन आवेदन में दर्शाए गए डेटा से संबंधित दस्तावेजों के साथ इस आवेदन की ली गई यह प्रिंट साथ लेकर आएं। कृपया नोट करें कि दिनांक 08/01/2023 के 1700 बजे के बाद प्रिंटिंग के लिए साईट नहीं खुलेगी |

After registration, take print out of the application summary. This print out is to be brought along with passport size photograph and documents supporting the data furnished in online application at the time of Personal Interview. Please note that site will not be open for printing after 1700 hours of 08/01/2023.

16. अभ्यर्थियों को वैयक्तिक साक्षात्कार के समय सत्यापन हेतु ऑनलाईन आवेदन में दिए गए विवरण के साक्ष्य के रूप में मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। उक्त दस्तावेजों को प्रस्तुत न करने पर उन्हें वैयक्तिक साक्षात्कार में भाग लेने की अनुमति प्रदान नहीं की जाएगी।

Candidates will have to produce original documents in proof of the details furnished in their online application at the time of Personal Interview for verification. Those who fail to produce the said documents will not be allowed to attend the Personal Interview and TA will not be paid.

17. वैयक्तिक साक्षात्कार के लिए शहर के बाहर से बुलाए गए अभ्यर्थियों को यात्रा का साक्ष्य जैसे कि रेलवे टिकट/टिकट नम्बर अथवा बस टिकट इत्यादि प्रस्तुत करने पर लघुतम मार्ग से रेलवे की द्वितीय श्रेणी का आने-जाने के किराए का भुगतान किया जाएगा। अभ्यर्थी को साक्षात्कार के समय दस्तावेज के मूल साक्ष्य अपने आवेदन में दिए गए विवरण के अनुसार प्रस्तुत करने होंगे।

Out-station candidates called for interview will be paid to and fro second class railway fare by the shortest route on production of proof of journey, such as the railway ticket number or bus tickets etc. The candidates will also have to produce documentary proof in original, of the details furnished in their application at the time of attending the interview.

18. ऑनलाइन आवेदन के बाद शैक्षिक योग्यता, जाति प्रमाण-पत्र, कार्यमुक्ति प्रमाण-पत्र, पीडब्ल्यूबीडी प्रमाण-पत्र आदि से संबंधित कोई भी दस्तावेज सैक को न भेजें। सभी संबंधित दस्तावेज सैक द्वारा मांगे जाने पर ही प्रस्तुत किए जाएँ। जो अभ्यर्थी केंद्र/ राज्य/ पीएसयू/ स्वायत्त संस्थानों में पहले से कार्यरत हैं, उन्हें वैयक्तिक साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता से **"अनापत्ति प्रमाण-पत्र"** प्रस्तुत करना होगा।

No documents supporting to educational qualification, caste certificate, discharge certificate, PwBD certificate etc. to be sent to SAC after completion of submission of the online application but all the relevant documents to be produced as and when required/called for by SAC. Those who are already employed under Central/State/PSU/Autonomous Bodies should produce **"No Objection Certificate"** from the employer concerned at the time of Personal Interview.

19. यदि ऑनलाइन आवेदन में दी गई सूचना भर्ती प्रक्रिया के किसी स्तर पर असत्य पाई जाती है तो उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी ।

If any information furnished in the online application is found false at any stage of recruitment process, the candidature will be cancelled.

20. यदि कोई अभ्यर्थी विज्ञापन में दी गई अर्हता निबंधनों को पूरा नहीं करता है, तो जब भी विसंगति ध्यान में आती है तब जाँच करने पर उसकी उम्मीदवारी किसी भी स्तर पर निरस्त की जा सकती है। विज्ञापन में प्रत्येक पदकोड के समक्ष अनिवार्य आवश्यकता के लिए दिए गए विषयों की सूची सर्वांगीण/ अंतिम है। प्रत्येक पदकोड के समक्ष दिए गए विषयों के अलावा अन्य विषयों में योग्यता प्राप्त अभ्यर्थी उस पद के लिए पात्र नहीं हैं।

If a candidate does not fulfill the eligibility conditions given in the advertisement, his / her candidature will be cancelled summarily at any stage on scrutiny whenever the discrepancy is noticed. List of subjects for essential qualification included in the advertisement against each postcode is exhaustive/final. Candidates possessing qualification in subjects other than those mentioned against each postcode are not eligible.

21. वैयक्तिक साक्षात्कार की दिनांक या ऑनलाइन आवेदन में प्रदत्त किसी भी जानकारी में परिवर्तन के लिए कोई अनुरोध स्वीकार नहीं किया जाएगा।

Any request for change of Personal Interview date or any other information furnished in online application will NOT be entertained.

22. पात्र अभ्यर्थियों को वैयक्तिक साक्षात्कार हेतु सूचना देने सहित अभ्यर्थियों से आगे का सारा पत्र व्यवहार **ईमेल/ सैक वेबसाइट** के माध्यम से ही किया जाएगा। इसके लिए, अभ्यर्थियों को आवेदन करते समय अपना ईमेल आईडी सही और अनिवार्य रूप से बताना होगा। इसके अलावा, अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ईमेल आईडी नियमित रूप से चेक करते रहें और समय-समय पर सैक वेबसाइट भी देखते रहें। तकनीकी या किसी भी कारण से ईमेल/ कोई सूचना प्राप्त न होने की स्थिति में सैक/ इसरो उत्तरदायी नहीं होगा।

All further communication with the candidates including intimation to eligible candidates for Personal Interview will be sent through **E-mail/ SAC website** only. For this purpose, candidates are required to furnish their E-mail ID correctly and compulsorily while submitting the application. Moreover, the applicants are advised to check their e-mail regularly and visit the SAC website from time to time. SAC/ ISRO will not be responsible for non-receipt of intimation regarding e-mail or / any communication due to technical or whatsoever reasons to the candidates.

23. जो एक से अधिक पद के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें प्रत्येक पद के लिए अलग से आवेदन करना होगा।

Those intending to apply for more than one post should apply separately for each post.

24. एक ही पद के लिए अभ्यर्थी द्वारा एकाधिक बार आवेदन करने की स्थिति में, आवेदन की अंतिम तिथि से पूर्व प्रस्तुत आखिरी आवेदन पर आगे की प्रक्रिया हेतु विचार किया जाएगा।

In case of submission of duplicate/multiple applications by candidates for the same post, the last application submitted before the last date of submission of application shall be considered for further processing.

25. अभ्यर्थियों को सुनिश्चित करना होगा कि वे पात्रता मानदंडों को पूर्ण करते हैं और विज्ञापन तथा आवेदन फार्म में निहित अनुदेशों का अनुसरण किया गया है। अत: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि

विज्ञापन ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं आवेदन फार्म पूर्ण रूप से भरें और इस संबंध में दिए गए अनुदेशों के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करें ।
It is for candidates to ensure that he/she fulfils the eligibility criteria and complied with the requirements adhered to the instructions contained in this advertisement as well as in the application form. Candidates are, therefore urged to carefully read the advertisement and complete the application form and submit the same as per instructions given in this regard.

26. आवेदन में अभ्यर्थी द्वारा घोषित वर्ग जैसे अनु.जा./अनु.ज.जा./अ.पि.व./दिव्यांग/भूतपूर्व सैनिक अंतिम मानी जाएगा तथा इसमें किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा।
Category such as SC/ST/OBC/PwBD / Ex-Servicemen declared by the candidate in the application will be considered as final and no change in the same will be entertained.

27. **08/01/2023 को आयु गणना, अनिवार्य अर्हता आदि जैसे सभी उद्देश्यों के लिए कट-ऑफ डेट माना जाएगा।**
**08/01/2023 will be the cut-off date for all purposes like computation of age, essential qualification etc.**

28. किसी खंड की व्याख्या की वजह से उत्पन्न संदिग्धार्थ/ विवाद की स्थिति में, अंग्रेजी पाठ में उल्लिखित अंतर्वस्तु अधिमान्य होगी।
In case of any ambiguity/dispute arises on account of interpretation of any clause, contents enumerated in English version shall finally prevail.

29. किसी भी प्रकार का अंतरिम पत्र-व्यवहार नहीं किया जाएगा।
No interim correspondence will be entertained.

**महत्वपूर्ण तिथियां IMPORTANT DATES:**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदनों के पंजीकरण हेतु वेबसाइट लिंक खुलने की तिथि<br>Date of opening of Web-site link for On-Line Registration of Applications | **19/12/2022<br>(From 0900 hrs.)** |
| ऑन-लाइन पंजीकरण बंद होने की तिथि<br>Closing date for on-line registration | **08/01/2023<br>(Till 1700 hrs.)** |
| लिखित परीक्षा/ वैयक्तिक साक्षात्कार की तिथि<br>Date of Written Test/Personal Interview | बाद में सूचित की जाएगी<br>To be intimated later |

**संपर्क नम्बर CONTACT NUMBERS:**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदन के दौरान आने वाली तकनीकी समस्याओं के लिए<br>For technical queries occurred during applying online | 079 2691 3157 |
| सामान्य प्रश्नों के लिए<br>For general queries | 079 2691 3025 / 22 |
| ईमेल आईडी<br>Email address | ao_rr@sac.isro.gov.in |

नवीनतम अद्यतन के लिए सैक वेबसाइट www.sac.gov.in को समय-समय पर देखते रहें।
Visit SAC website www.sac.gov.in from time to time for latest update.